अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में दिनांक 14 अप्रैल, 2015 को दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश माननीय श्री अर्जन कुमार सीकरी रहे और विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश श्री नरेश कुमार सांघी रहे.

आगन्तुक अतिथियों का स्वागत अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के पूर्व प्रधान लाला रतन सिंह गुप्ता वर्तमान प्रधान श्री देवेन्द्र गुप्ता, प्रबन्ध समिति के गणमान्य सदस्यों और प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता व वरिष्ठ प्राध्यापकों ने माल्यापर्ण व पुष्प गुच्छ भेंट करके किया.

इस दीक्षान्त समारोह में 789 स्नातक व परास्नातक उपाधियाँ छात्र–छात्राओं को प्रदान की गई. महाविद्यालय के विगत सत्र के विद्यार्थियों को बी.ए. मे 66, बी.कॉम. में 270, बी.एस.सी. में 102 बी.बी.ए. 20, बी.बी.ए. केम 81 बी.सी.ए 97, एम.ए. हिन्दी 32, एम.कॉम. 40 एम.एस.सी. मैथ्स 34, में डिग्रीयां मुख्य अतिथि द्वारा प्रदान की गई.

अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता ने अतिथियों का परिचय देते हुए महाविद्यालय की वार्षिक रिर्पोट पढ़कर महाविद्यालय की विभिन्न क्षेत्र में अर्जित उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी. इस अवसर पर अग्रवाल कॉलेज के 17 मेघावी विधार्थी जिन्होंने विश्वविद्यालय की मैरिट लिस्ट में पहले 15 स्थान तक वरीयता सूचि में स्थान प्राप्त किए हैं उन्हे मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा डिग्रीयाँ प्रदान की गई.

मुख्य अतिथि महोदय ने अपने दीक्षांत भाषण मे कहा युवाओं को बदलते समय की चुनौतियों को स्वीकार करने के लिए तन मन से समक्ष होना चाहिए ताकि वे अपनी इच्छाओं और महत्वाकांक्षाओं को आसानी से पूर्ण कर सकें.

साथ ही समस्त डिग्री धारकों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा नीतिवान व चरित्रवान व्यक्ति ही सफलता के शिखर पर पहुँचता है और परिश्रम को सफलता का "मूलमंत्र" बताते हुए कहा एक सफल विद्यार्थी अपने विषय के प्रति जितना आत्म मंथन करेगा उतना ही उस विषय के प्रति उचित न्याय करते हुए अपने लक्ष्य को पूर्ण कर पाएगा. उन्होंने सफलता को परिभाषित करते हुए कहा कि समपर्ण ही सफलता का नाम है. मानवता के प्रति समर्पित व्यक्ति ईश्वर के प्रति सच्ची पूजा अर्पित कर सकता है. आज छात्र शक्ति जितनी सशक्त होगी उतना ही राष्ट्र सफल और सबल होगा. साथ ही अतिथि महोदय ने महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता को महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय का सर्वश्रेष्ठ प्राचार्य अवार्ड मिलने पर बधाई देते हुए महाविद्यालय प्रबन्ध समिति की प्रशंसा की. एन.एस.एस. के विद्यार्थियों के रचनात्मक कार्यों की सरहाना करते हुए नारी सशक्तिकरण पर भी जोर दिया.

समारोह के अन्त मे अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान श्री देवेन्द्र गुप्ता और प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता द्वारा अतिथियों को शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया.
कार्यक्रम संयोजक अग्रवाल महाविद्यालय संभाग द्वितीय के प्रभारी श्री अशोक कौशिक ने धन्यवाद ज्ञापित किया.
इस अवसर पर एस.डी.एम. बल्लबगढ़ डॉ० प्रियंका सोनी सहित जिला फरीदाबाद न्यायालय से न्यायधीश विशेष रुप से उपस्थित थे. अग्रवाल कॉलेज प्रबन्ध समिति के उपाध्यक्ष डॉ० वासुदेव गुप्ता, महासचिव श्री विजय गुप्ता (एडवोकेट), कोषाध्यक्ष श्री मेहर चन्द मित्तल, श्री दिनेश गुप्ता (एडवोकेट), वरिष्ठ अधिवक्ता श्री अशोक मित्तल एवं अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के गण मान्य सदस्य उपस्थित रहें.